# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## फरवरी–मार्च, 2025 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

### गुरूवार, दिनांक 6 मार्च, 2025 (फाल्गुन 15,1946)

### समय 11:00 बजे पूर्वाह्न

### 1. निधन का उल्लेख

डॉ. देवचरण सिंह मधुकर, अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य।

### 2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे।

### 3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग अधिनियम, 2004 (क्रमांक 23 सन् 2004) की धारा 18 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024–25 तथा कृत कार्यवाही की रिपोर्ट पटल पर रखेंगे।

(2) श्री विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री, विद्युत अधिनियम, 2003 (क्रमांक 36 सन् 2003) की धारा 182 की अपेक्षानुसार अधिसूचना क्रमांक 422/एफ 11–02/2006/13/1, दिनांक 12 फरवरी,2025 पटल पर रखेंगे।

(3) श्री विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री, कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) के पद (बी) की अपेक्षानुसार –

- (i) छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2022–23 तथा
- (ii) छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड का तृतीय वार्षिक प्रतिवेदन वित्तीय वर्ष 2019–20 पटल पर रखेंगे।

(4) श्री ओ.पी. चौधरी, आवास एवं पर्यावरण मंत्री, छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 85 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार अधिसूचना क्रमांक एफ 07–22/2023/32, दिनांक 24 दिसम्बर, 2024 पटल पर रखेंगे।

क्रमशः .... 2

## 4. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्रीमती भावना बोहरा, सदस्य, पंडरिया विधान सभा अंतर्गत स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना में आर्थिक संकट होने की ओर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी।

(2) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य, विकासखण्ड अकलतरा की ग्राम पंचायत कल्याणपुर में जल स्त्रोतों एवं तालाबों को राखड़ से पाटने की ओर आवास एवं पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

## 5. प्रतिवेदन की प्रस्तुति

श्री विक्रम उसेण्डी, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का द्वितीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

## 6. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्रीमती भावना बोहरा, सदस्य, पंडरिया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत –
- (i) ग्राम सबराटोला मुख्य मार्ग से रणजीतपुर तक डामरीकृत रोड निर्माण करने,
- (ii) ग्राम पटपर से रेंगाटोला तक डामरीकृत रोड निर्माण करने,
- (iii) ग्राम पटुवा से अतरियाखुर्द तक डामरीकृत रोड निर्माण करने,

(2) श्री दलेश्वर साहू, सदस्य, डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत –
- (i) ग्राम बोरतलाव में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण करने,
- (ii) ग्राम अर्जुनी में महाविद्यालय भवन निर्माण करने,

(3) श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, सदस्य, सामरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत –
- (i) ग्राम जवाहर नगर में 20 सीटर कन्या छात्रावास का 50 सीटर में उन्नयन करने,
- (ii) ग्राम कोटालु (कोरवा पाठ), पियार दरा एवं दमकोड़ा पाठ में विद्युतीकरण करने,
- (iii) ग्राम सिधमा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हेतु भवन निर्माण करने,
- (iv) ग्राम खजुरी से तुर्रीपानी तक पक्की सड़क निर्माण करने,

(4) श्री कुंवर सिंह निषाद, सदस्य, गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोंहदीपाट में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने,

(5) श्री ललित चन्द्राकर, दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत –
- (i) ग्राम नगपुरा के प्राथमिक शाला हेतु भवन निर्माण करने,
- (ii) ग्राम पाउवारा के प्राथमिक शाला हेतु भवन निर्माण करने तथा
- (iii) ग्राम मतवारी के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन निर्माण हेतु पुनः स्वीकृति प्रदान करने **के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे।**

क्रमशः .... 3

निर्धारित समय

## 7. वित्तीय वर्ष 2025–2026 की अनुदान मांगों पर चर्चा

2 घंटे 30 मिनट (1) **श्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री के विभागों से संबंधित–**

मांग संख्या 20 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
मांग संख्या 22 नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग–नगरीय निकाय
मांग संख्या 24 लोक निर्माण कार्य – सड़कें और पुल
मांग संख्या 29 न्याय प्रशासन एवं निर्वाचन
मांग संख्या 67 लोक निर्माण कार्य – भवन
मांग संख्या 69 नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग–नगरीय कल्याण
मांग संख्या 76 लोक निर्माण विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं
मांग संख्या 81 नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता

2 घंटे (2) **श्री केदार कश्यप, संसदीय कार्य मंत्री के विभागों से संबंधित–**

मांग संख्या 10 वन
मांग संख्या 17 सहकारिता
मांग संख्या 23 जल संसाधन विभाग
मांग संख्या 45 लघु सिंचाई निर्माण कार्य
मांग संख्या 47 कौशल विकास
मांग संख्या 57 जल संसाधन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं
मांग संख्या 75 जल संसाधन विभाग से संबंधित नाबार्ड से सहायता प्राप्त परियोजनाएं
मांग संख्या 28 राज्य विधान मण्डल

**दिनेश शर्मा**
**सचिव**
**छत्तीसगढ़ विधान सभा**

**रायपुर,**
**दिनांक 05 मार्च, 2025**